>

Title: Need to ensure immediate payment of wages to the workers under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MNREGA) in Balaghat district of Madhya Pradesh.

**श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट):** माननीय उपाध्यक्ष जी, आपने जीरो ऑवर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में कटंगी विकास खंड की 19 पंचायतों में तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट के आदेशानुसार जून, 2011 में मनरेगा के अंतर्गत तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया था एवं सरपंचों द्वारा कार्य भी समाप्त कर दिया गया। करीब 83 लाख रूपए का मजदूरों का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। इन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति वर्तमान कलेक्टर बालाघाट द्वारा नहीं दिए जाने से मजदूरों का भुगतान लंबित पड़ा हुआ है। इन 19 पंचायतों के मजदूर 10 माह से भुगतान नहीं होने के कारण दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। कलेक्टर बालाघाट के अड़ियल रवैये के कारण मजदूरों की भूखे मरने की नौबत आ गयी है।

अतः आपके माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से मांग है कि बालाघाट जिले के करीब 19 पंचायतों में मनरेगा के तहत किए गए कार्यों की मजदूरी का भुगतान यथाशीघ्र किया जाए।